ट्रिपिल जंप में सुदीश ने जीता स्वर्ण

जैवलिन में रजनीश व बाधा दौड़ में सुरेश एवं शॉटपुट में उर्मिला को कांस्य

45वीं राष्ट्रीय मार्स्ट्स चैम्पियशिप प्रतियोगिता

पंतनगर। 14 फरवरी 2026। जबलपुर(मध्य प्रदेश) के गोकलपुर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में 13–15 फरवरी तक आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मार्स्ट्स चैम्पियनशिप में पंतनगर विवि के कर्मियों ने उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए 1 स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता के दौरान पंतनगर के एथलीट सुदीश राय ने 40 से अधिक आयु वर्ग की ट्रिपिल जंप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा 40 से अधिक आयु वर्ग की जैवलिन थ्रो में रजनीश पाण्डेय ने तथा 50 से अधिक आयु वर्ग की 110मीटर बाधा दौड में सुरेश राजपूत तथा 50 से अधिक आयु वर्ग में उर्मिला तडियाल ने शॉट पुट में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसके अलावा उत्तराखण्ड के महासचिव धर्मपाल शर्मा ने भी 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लॉग जंप प्रतियोगिता में स्वर्ण तथा शॉटपुट में रजत पदक प्राप्त किया है। सभी पदक विजेताओं को स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।